सामाजिक संस्था संपूर्णा
गैर सरकारी संगठन
समग्र विकास की ओर अग्रसर

"**आलेख**"

उचित परामर्श बदलता है जीवन

-डॉ शोभा विजेंद्र
संस्थापिका अध्यक्षा

बीते वक्त के साथ बहुत कुछ बीत गया। कभी पेड़ के नीचे शुरू की गई सामाजिक संस्था लोगों की सेवा में वटवृक्ष की तरह खड़ी है।

जब 1993 में संपूर्णा के स्थापना वर्ष को देखती हूं तो पाती हूं कि मैं स्वयं घंटो-घंटो प्रत्येक क्लाइंट (शिकायतकर्ता महिला) को समय देती थी। महिला के साथ क्या घटित हो रहा है? वह स्वयं संपूर्णा में आकर उसकी जानकारी देती थी। जानकारी के बाद उसे क्या करना है? क्या नहीं? और कैसे उसकी समस्या का समाधान किया जाए इस पर चर्चा होती थी। किसी क्लाइंट के गर्मी में आने पर पास में रखे घड़े से मैं स्वयं पानी देती थी। उसके ऊपर क्या बीत रही है उसकी आंखें, और चेहरे पर पलटते हुए हाव-भाव सब बयां कर देते थे। किंतु कोरोना काल में जब फोन पर ही क्लाइंट की काउंसलिंग की जाती है तो बहुत सारी बातें मालूम ही नहीं पड़ पाती हैं। परामर्शकर्ता भी असमंजस की स्थिति में होता है। फोन पर कहीं जाने वाली शिकायत, भावों के बिना एक जड़ समस्या के रूप में प्रतीत होती है।

यहां पर मैं यह बताना चाहती हूं कि एक प्रोफेशनल सोशल वर्कर होने के नाते मैं प्रोफेशनल काउंसलिंग के सभी नियमों से परिचित हूं और सामाजिक उत्तरदायित्व को भी भलीभांति समझती हूं। किंतु नई शताब्दी के कई चलन मेरे ज्ञान को आत्मसात करने की प्रवृत्ति में कहीं ना कहीं गड्ढे जैसे अनुभव होते हैं। और फोन पर ही समस्या का हल भी कभी-कभी इस तरह ही लगता है।

भाइयों और बहनों, कोरोना काल ने बहुत सारे घरों में शांति को भंग किया है। असंतोष और अवसाद ने अपनी जड़ें फैला दी हैं। ऐसे में मैं पुनः आप से आह्वान करना चाहती हूं कि शारीरिक बीमारियों और कमजोरियों के साथ-साथ अपने मानसिक संतुलन पर विशेष ध्यान दें। संपूर्णा के सभी कार्यकर्ता और परामर्शदाता इस असंतोष को उचित परामर्श से संतोष प्रदान करने में सक्षम हैं, मेरा ऐसा मानना है। उचित परामर्श किसी की जिंदगी को सही गति और संतुलन प्रदान कर सकता है। किंतु यहीं पर गलत परामर्श अच्छे खासे जीवन में जहर घोलने का काम कर सकता है।

अतः समय की मांग को समझते हुए मेरा आपसे अनुरोध है कि संपूर्णा के परामर्श केंद्र से जुड़िए। संपूर्णा केंद्र, राजापुर गांव, सेक्टर-9, रोहिणी में प्रत्येक दिन सोमवार से शनिवार सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आप किसी भी समस्या के समाधान हेतु उचित परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। मैं स्वयं भी उचित परामर्श के लिए आपकी सेवा में सदैव तत्पर हूं।-----------------------------------